Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-03-2006
Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

an>

Title : Need to create a forest reserve for protection of endangered species including ‘Black Deer’ at Chand Khamaria, Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदय, इलाहाबाद में मेंजा तहसील के अंतर्गत चांद खमरिया में काले हिरण जिनकी संख्या लगभग 250 होगी, पाये जाते हैं। हमारे अनुमान से राजस्थान को छोडकर भारतर्वा में कहीं ओर काले हिरन नहीं पाये जाते। यह प्रजाति लुप्तप्राय प्रजाति के अंतर्गत आती है। यदि इस प्रजाति को बचाया नहीं गया तो आने वाले समय में यह जाति पूर्ण रूप से विलुप्त हो जायेगी। इसी तरह ग्राम सलैय्या खुर्द में जो कि मेंजा तहसील के अंतर्गत ही है, प्रत्येक र्वा हजारों की संख्या में पक्षी आते हैं यहां एक बहुत बड़ा तालाब है, जिसमें ये पक्षी विहार करते हैं। यह दोनों की स्थान एक दूसरे के काफी करीब है।

मैं चाहूंगा कि काले हिरणों के लिए एक अभ्यारण वहां तत्काल बनाया जाये और पक्षियों के लिए एक पक्षी विहार भी विकसित किया जाये जिससे कि इनकी पूर्ण सुरक्षा हो सके।